

श्रीमती मालिनी अवस्थी

Smt. Malini Awasthi



पद्म श्री

Padma Shri



राष्ट्रपति से अलंकरण प्राप्त करते हुए

Receiving the decoration from the President

श्रीमती मालिनी अवस्थी

श्रीमती मालिनी अवस्थी भारत में लोक संगीत के पर्याय हैं जिन्होंने अवध और बनारस के लोक संगीत को देश के सांस्कृतिक रडार पर रखने का श्रेय अर्जित किया है। आपकी मधुर और विविध रंगमंच विशिष्टताओं में कई प्रकार के लोक गीत शामिल हैं यथा दादरा, कजरी, झूला, होली, चौती, सौहर, बन्ना, विवाह गीत, बिरहा, धोबिया और निर्गुण आदि।

2. आपका जन्म कन्नौज, उत्तर प्रदेश में 15 अक्तूबर, 1966 को हुआ। श्रीमती अवस्थी भतखण्डे विश्वविद्यालय, लखनऊ से हिन्दुस्तानी शास्त्री संगीत में स्नातकोत्तर हैं और आपने लखनऊ विश्वविद्यालय से निष्णात, कला की डिग्री प्राप्त की है। आप ठुमरी के प्रतिपादक गिरिजा देवी की शिष्या हैं। आप बनारस के "पूरब–अंग" गायिकी के अग्रणी ठुमरी प्रणेताओं में से एक हैं। आपने देश भर में सभी महत्वपूर्ण त्यौहारों के अवसर पर परफॉर्म किया है।

3. आप आकाशवाणी और दूरदर्शन के 'ए' ग्रेड के कलाकार हैं। आपके नाम से कई सी डी और एल्बम हैं। टाइम्स म्यूजिक ने पांच एल्बम तैयार किए हैं अर्थात् पूरवइया, होली आया रे, नन्हीं बूंदिया, डोली सजा के तथा होली है और सूफी म्यूजिक पर आपके दो एल्बम रूमी फाउंडेशन द्वारा तैयार किए गए हैं। लोकगीत की प्रचुर विरासत के बारे में युवाओं को शिक्षित करने के अपने सपने को आगे बढ़ाते हुए आपने उत्तर प्रदेश के लोकगीत और नृत्य तथा लोक थियेटर को संवर्धित एवं संरक्षित करने के लिए "सोन–चिरैया" नामक एक संगठन शुरू किया है। "सोन–चिरैया" अवध, भोजपुरी, बृज और बुंदेलखण्ड के मृतप्राय हो रहे लोक रूपों अर्थात् अल्हा, राई, धोबिया, रागिनी, नौटंकी, बिरहा, फरवाही, हरदौल आदि को पुनर्जीवित करने के लिए व्यापक रूप से कार्य कर रहा है। आपने विभिन्न लोक कलाकारों के लिए एक मंच प्रदान किया है तथा युवा को शिक्षित करने के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कार्यशाला एवं संगोष्ठियां आयोजित की हैं।

4. आप आई सी सी आर द्वारा अनुमोदित कलाकार हैं, आपने 2012 में इसके 40वें वार्षिकी के अवसर पर संयुक्त राज्य अमेरिका, यूनाइटेड किंगडम, जर्मनी, मॉरीशस, नेपाल, पाकिस्तान और फिजी सहित कई देशों की यात्रा की है। भारत के बाहर आपके कंसर्ट बड़े सफल साबित हुए हैं क्योंकि वे भारतीय वंश के लोगों को उनके मूल से जोड़ते हैं।

5. प्रसार भारती के राष्ट्रीय चैनल ने अपने अभिलेखागार के लिए आपके लोकगीतों को रिकार्ड किया है। राज्य सभा टी वी ने अपने लोकप्रिय कार्यक्रम 'शखसियत' में आपका प्रोफाइल साक्षात्कार किया। लोक सभा टी वी ने आपके कार्यक्रम और साक्षात्कार प्रसारित किए हैं। भारत निर्वाचन आयोग ने वर्ष 2014 में आम चुनाव तथा वर्ष 2012 में उत्तर प्रदेश में विधान सभा चुनावों के लिए आपको ब्रांड एम्बेसेडर नियुक्त किया। पूरे राज्य में गीत को बढ़ावा देने में आपकी कड़ी मेहनत ने मतदाता प्रतिशत बढ़ाने में मदद की जिसके लिए आपको भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सम्मानित किया गया। आपने दूरदर्शन के किसान चौनल का बहुत ही लोकप्रिय टाइटल गीत गाया है। आपको संगीत नाटक अकादमी द्वारा लोक संगीत संबंधी विशेषज्ञ समिति का सदस्य और साथ ही यूनेस्को के साथ सहयोग के लिए भारतीय राष्ट्रीय आयोग के अंतर्गत संस्कृति संबंधी उप आयोग के लिए सदस्य नियुक्त किया गया है।

6. आपको आपकी अनुसंधान परियोजना "लोक–गीतों–में–राम" के लिए संस्कृति मंत्रालय द्वारा सीनियर फेलोशिप प्रदान किया गया। इंडिया टूडे मैगजीन ने अपनी 25वीं वार्षिकी के अवसर पर यंग इंडिया की जानी–मानी 25 हस्तियों में आपके नाम को शामिल किया। आपको वर्ष 2006 में उत्तर प्रदेश सरकार का सर्वश्रेष्ठ सम्मान, "यश भारती" पुरस्कार दिया गया।

Smt. Malini Awasthi

Smt. Malini Awasthi is synonymous with folk music in India, who has earned the credit for placing the folk music of Awadh and Benaras on the country's cultural radar. Her mellifluous and varied repertoire includes the myriad forms of folk music- such as Dadra, Kajri, Jhoola, Holi, Chaiti, Sohar, Banna, Vivah-geet, Birha, Dhobhiya and Nirugun.

2. Born in Kannauj, Uttar Pradesh on 15th October, 1966, Smt. Awaasthi is a post graduate in Hindustani classical music from Bhatkhande University, Lucknow and has an MA Degree from Lucknow University. A disciple of the Thumri exponent Girija Devi , she is one of the leading Thumri exponents of "Purab-ang" gayaki of Benaras. She has performed in all the major festivals across the country.

3. Smt Awasthi is an 'A' grade artist of Akashwani & Doordarshan. She has various CDs and Albums to her credit. Times Music has produced five albums named Purvaiya, Holi Aya Re, Nanhi Bundiya, Doli Saja Ke and Holi Hai and her two albums on Sufi music have been produced by the Rumi Foundation. Taking forward her dream of educating the youth about the rich heritage of folk music, she has started "SON-CHIRAIYA" an organization to promote and preserve folk music and dances and folk theatre of Uttar Pradesh. "SON-CHIRAIYA" is working extensively to revive dying folk forms of Awadh, Bhojpuri, Brij & Bundelkhand such as Alha, Raai, Dhobhiya, Ragini, Nautanki, Birha, Pharwahi, Hardaul etc. She has provided a platform for various folk artists and has organized workshops and seminars in schools and colleges to educate the youth.

4. An ICCR approved artist, she has toured various countries including the USA, United Kingdom, Holland, Germany, Mauritius, Nepal, Pakistan & Fiji on its 40th Anniversary in 2012. Her concerts outside India have proved to be a great success, since they connect the Indian diaspora to their roots.

5. The National Channel of Prashar Bharti has recorded her folk songs for their archives. Rajya Sabha TV did profile interviews of Malini in their popular programme 'Shaksiyat'. Lok Sabha TV has telecasted her programmes and interviews. The Election Commission of India appointed her as the Brand-Ambassador for the General-elections in 2014 and Assembly-elections in 2012 in Uttar Pradesh. Her hard work in promoting music across the State helped in increasing the voter percentage for which she was felicitated by the Chief Election Commissioner of India. She has sung the very popular title song of the Kisan Channel of Doordarshan. Smt Awasthi has been appointed as a Member of Expert Committee on Folk Music by Sangeet Natak Academy as well as a member for the Sub Commission on culture under the Indian National Commission for Cooperation with UNESCO.

6. Smt Awasthi has been awarded a Senior Fellowship by the Ministry of Culture, on her research project "LOK-GEETON-ME-RAM". The India Today magazine included her name amongst prominent 25 people of young India, on their 25th anniversary. She has been awarded "YASH BHARTI" award in 2006 the highest honour of U.P. Government.